पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने संविधान दिवस पर बधाई दी
मतदान वास्तव में लोकतंत्र का गहना है - श्री नाईक

लखनऊ: 26 नवम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने संविधान दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों विशेष कर प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई दी। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने देश को अभूतपूर्व संविधान दिया, जिसने सभी भारतीयों को समान अधिकार दिये हैं। उन्होंने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ और 1950 में हमने संविधान को अंगीकार किया।

राज्यपाल ने कहा कि संविधान केवल श्रद्धा व्यक्त करने के लिये नहीं है बल्कि उसके प्राविधानों को अमल में लाने की जरूरत है। संविधान में हर मसले का हल है बस उसको व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। यह संयोग की बात है कि आज संविधान दिवस है और प्रदेश कई जनपदों में शहरी निकाय के लिए मतदान हो रहा है। संविधान प्रदत्त मताधिकार जनतंत्र में सबसे मूल्यवान अधिकार है। मतदान वास्तव में लोकतंत्र का गहना है। मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदाताओं की चुनावों में अधिक से अधिक भागीदारी आवश्यक है।

अंजुम/ललित/राजभवन (440/27)